दिन– रविवार दिनांक– 19 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वंशवादी दलों का डर ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध का कारण है।

02. कृषि विभाग ने राज्य में दलहन उत्पादन का लक्ष्य ग्यारह लाख टन से अधिक करने का निर्णय किया।

03. राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए कल मतदान होगा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार। मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों के कई स्थानों पर लू चलने की संभावना जताई।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इसके गठबंधन सहयोगियों ने महिला आरक्षण का विरोध करके जो पाप किया है, उसका दंड उन्हें अवश्य ही मिलेगा। विपक्ष ने संसद और राज्य विधानसभाओं में नारी शक्ति वंदन संशोधन का विरोध किया और उसे पास नहीं होने दिया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कल कहा कि उनकी सरकार महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करेगी। जो दल महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, वे देश की महिलाओं की संसद और राज्य विधानसभाओं में बढ़ती भागीदारी को रोक नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने संकल्प पर अडिग है।

––साउंड बाइट––

---

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताया और कहा कि सरकार के निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, जिसके लिए वह सभी माताओं और बहनों से क्षमा मांगते हैं। प्रधानमंत्री ने इस व्यवहार को महिलाओं की गरिमा और आत्मसम्मान पर आघात बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन समय

की मांग है और यह उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सहित सभी क्षेत्रों में संतुलित सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का एक प्रयास था।

——साउंड बाइट ——

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस ने यह अफवाह फैलाई कि परिसीमन प्रक्रिया से कुछ राज्यों को नुकसान होगा, लेकिन उनकी सरकार ने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था कि किसी भी राज्य की हिस्सेदारी कम नहीं होगी और राज्यों में सीटें आनुपातिक रूप से बढ़ेंगी, जिससे प्रतिनिधित्व में कोई कमी नहीं आएगी। श्री मोदी ने कहा कि इस विधेयक का विरोध करके कांग्रेस ने खुद को सुधार—विरोधी दल साबित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से हर सुधार पर निष्क्रिय रुख अपनाती रही है और उनकी कार्य संस्कृति में विलंब करना, ध्यान भटकाना और बाधा डालना शामिल है।

————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कृषि सचिव और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अग्रिम रूप से करने का निर्देश भी दिया। इधर, श्री चौहान ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ बैठक में विकसित भारत—रोजगार और आजीविका मिशन, ग्रामीण के क्रियान्वयन के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्यों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त काम उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसी भी श्रमिक को रोजगार के लिए इंतजार ना करना पड़े।

————————————————————

कृषि विभाग ने राज्य में दलहन उत्पादन का लक्ष्य बढ़ाकर ग्यारह लाख टन से अधिक करने का निर्णय लिया है। विभाग ने अगले पांच वर्षों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की योजना बनाई है। विभाग के अनुसार लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रसंस्करण और विपनन को बढ़ावा दिया जाएगा तथा दलहन प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जा रही है।

————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान–पीएम उषा के तहत मिले सौ करोड़ रुपये की राशि से पटना विश्वविद्यालय में जी–प्लस सेवन भवन और इन्क्यूबेशन रिसर्च सेंटर का निर्माण किया जाएगा। पटना विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी प्रोफेसर खगेंद्र कुमार ने बताया कि भवन के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

---

इधर, पटना विश्वविद्यालय में डिजिटल स्टूडियो छात्रों के लिए खुल गया है। विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरिश कुमार चौधरी ने इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि छात्रों को अब घर पर ही ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपने शिक्षकों के व्याख्यान देखने को मिलेंगे। साथ ही छात्र देश–विदेश के विशेषज्ञों से लाइव जुड़ भी सकेंगे।

---

दानापुर मंडल के नेऊरा स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों के परिचालन में छब्बीस अप्रैल तक बदलाव किया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस अवधि के दौरान सात रेलगाड़ियां रद्द की गयी है, जबकि दस रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। उन्होंने कहा कि छह रेलगाड़ियों का आंशिक समापन किया गया है और पंद्रह रेलगाड़ियों को पुर्ननिर्धारित तथा इक्कीस रेलगाड़ियों की गति सीमा को नियंत्रित किया गया है।

---

---

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी–एईडीओ परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई–ईओयू करेगी। आयोग के अनुसार मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय दल की एसआईटी गठित की गयी है। ईओयू के एडीजी ने बताया कि ईओयू के एसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित जांच दल में एक डीएसपी और पांच इंस्पेक्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गठित एसआईटी के कार्यों की समीक्षा डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लन करेंगे। वहीं, नालंदा जिले के बिहार शरीफ स्थित एक परीक्षा केंद्र से पुलिस ने एईडीओ परीक्षा में गड़बड़ी करने के आरोप में एक अभ्यर्थी और बायोमेट्रिक जांच करने वाली एजेंसी के दो तकनीकी कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

---

पछुआ हवा के कारण राज्य के कई हिस्सों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे अधिकतम पारा इकतालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज से राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर लू चलने की संभावना है।

––साउंड बाइट––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने लू और गर्मी से बचने के लिए लोगों से आवश्यक उपाए करने की अपील की है। वहीं, विभाग ने सभी अस्पतालों को शीतल कक्ष बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को भेजे गए एक पत्र में कहा गया है कि अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड और जीवन रक्षक दवाएं रखी जायें। इसके साथ ही चलंत चिकित्सा दल की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

---

राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में पैक्स अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए कल मतदान होगा। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के संयुक्त सचिव क्यूम अंसारी ने बताया कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण ग्यारह पैक्सों का चुनाव स्थगित किया गया है। संयुक्त सचिव ने कहा कि इस दौरान एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका हेल्पलाइन नम्बर– सात नौ सात नौ नौ पांच एक दो नौ सात है। इस नम्बर पर कोई भी व्यक्ति मतदान से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

---

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग–पीएचईडी ने कहा है कि राज्य में भू–जल स्तर में गिरावट वाले स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पंचायत स्तर पर भू–जल स्तर की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि लगभग तीस हजार जलापूर्ति योजनाओं की निगरानी आईओटी डिवाईस से की जाएगी। जिससे समस्याओं का समाधान जल्द किया जा सके। सचिव ने बताया कि शिकायतों का त्वरित निष्पादन नहीं करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

राज्य में जीविका अधिकार केंद्र की संख्या बढ़ाई जाएगी। जीविका के अनुसार वर्तमान में दो सौ छप्पन अधिकार केंद्र कार्यरत हैं। एक सौ पैंसठ नये केंद्र को शुरू किया जाएगा। इन अधिकार केंद्रों पर समूह की अनुशंसा के आधार पर सात सदस्यों की तैनाती की जाएगी।

---

राज्य सरकार ने सर्विस हिस्ट्री पोर्टल पर जानकारी अपडेट नहीं करने वाले बिहार प्रशासनिक सेवा के सात अधिकारियों को सामान्य प्रशासन विभाग ने मुख्यालय, पटना में उपस्थित होने का आदेश दिया है। विभाग के अनुसार इन अधिकारियों पर आदेश की अवहेलना और कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप है।

---

आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच दोपहर तीन बजकर तीस मिनट पर मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य मुकाबले में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच शाम सात बजकर तीस मिनट पर आमने–सामने होंगे।

---

इधर, भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज किंग्समीड स्टेडियम में पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करेगी। यह मैच डरबन में भारतीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे शुरू होगा।

---

मुंगेर जिले में खनन विभाग की टीम ने श्रीकृष्ण सेतु के पास खनिज पदार्थों के अवैध तरीके से ले जा रहे छह ट्रक से तिरेपन लाख रुपये अधिक का जुर्माना वसूला है। विभाग ने ट्रकों को जब्त कर कार्रवाई के लिए मुफस्सिल थाना को सौंप दिया।

---

कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र के नारायणपुर पंचायत में करंट लगने से एक दंपत्ति की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब दोनों अपने खेत में पानी पटा रहे थे।

---

बक्सर जिले में उत्पाद विभाग ने वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट के पास वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से तीस लाख रुपये मूल्य से अधिक की शराब जब्त की है। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

---

रोहतास जिले के डेहरी रेल पुलिस ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली में पिछले दिनों हुई बैंक लूटकांड के एक आरोपी को पंद्रह लाख रुपये नकद और लगभग बासठ ग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया है।

---

पटना जिले के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने अंतर जिला बाईक चोर गिरोह के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास एक मोटरसाईकिल जब्त की गयी है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के नाम संदेश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है – महिलाओं को आरक्षण का हक दिलाकर रहेंगे।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– हम हारे नहीं, हौसलें बुलंद, पूरा करेंगे महिला आरक्षण का संकल्प।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहली विभागीय बैठक पर लिखता है– हवाई अड्डों के पास एरोसिटी बनेगी, पीपीपी मॉडल पर टाउनशिप।

प्रभात खबर ने विशेष निगरानी इकाई की ओर से शहरी विकास और आवास विभाग के कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार के आवास पर की छापेमारी पर लिखा है – आय से एक करोड़ दस लाख से अधिक संपत्ति मिली। साढ़े सात लाख कैश बरामद।

आज अखबार की सुर्खी है – केन्द्रीय कर्मचारियों और पेशनर्स का महंगाई भत्ता बढ़ा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वंशवादी दलों का डर ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध का कारण है।

02. कृषि विभाग ने राज्य में दलहन उत्पादन का लक्ष्य ग्यारह लाख टन से अधिक करने का निर्णय किया।

03. राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए कल मतदान होगा।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के पार। मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों के कई स्थानों पर लू चलने की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।